# APM FINVEST LIMITED

**Corporate Office:** 201, 2nd Floor, Best Sky Tower, Netaji Subhash Place, Pitampura, Delhi-110034
**Phone:** (011) 42610483, **Email:** apmfinvestltd@gmail.com
**CIN :** L65990RJ2016PLC054921, **Website:** www.apmfinvest.com

**Date 06th May, 2022**

**To,**
**BSE Limited**
**PhirozeJeejeebhoy Towers**
**Dalal Street, Mumbai-400001**

**Ref: Scrip Code 542774**

**Sub: Intimation under Regulation 30 read with Schedule III of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 30 read with Para A of Part A of Schedule III of the SEBI (LODR) Regulations, 2015 and Section 13 of the Companies Act, 2013 read with Rule 30 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014 as amended from time to time, public notice in the prescribed Form INC-26, seeking any objection, if any, in relation to the shifting of registered office of the company from the State of Rajasthan to NCT of Delhi, was duly published in the following newspapers:

- The Indian Express (English Newspaper with wide circulation in the State of Rajasthan) May 06, 2022
- Sandhya Jyoti Darpan (Hindi Newspaper in principal vernacular language in the District) May 06, 2022

The copies of publication notice are enclosed herewith for your reference.

You are requested to kindly take the same on your records.

Thanking You,

Yours faithfully,
**For APM Finvest Limited**

**MayankPratap Singh**
**Company Secretary and Compliance Officer**

# आपसी सामंजस्य और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहने के लिए लोगों को प्रेरित किया



**बाड़ी, 6 मई।** जिला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार थाना कंचनपुर पर सीएलजी की मीटिंग का आयोजन थानाधिकारी थाना देवेंद्र कुमार शर्मा उप निरीक्षक पुलिस की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। सीएलजी मीटिंग के दौरान पुलिस मुख्यालय जयपुर से जारी आदेश, निर्देश, एवं विभिन्न प्रकार के संचालित अभियानों (वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान एवं ऑपरेशन शिकंजा इत्यादि) के बारे में जानकारी दी गई।

थाना इलाका क्षेत्र में आपसी सामंजस्य और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

थाना इलाका कंचनपुर में घटित होने वाले किसी भी तरह के क्राइम की सूचना सीधे सीएलजी सदस्यों के मार्फत पुलिस तक पहुंचने हेतु जो कम्युनिटी पुलिसिंग की व्यवस्था है उस बाबत चर्चाएं की गई।

साथ ही साथ इलाके में किसी भी तरह के अपराध रोकने में और उससे संबंधित सूचना प्रदान करने में सीएलजी सदस्यों के महत्व के बारे में चर्चा की गई । सीएलजी सदस्यों द्वारा प्रदत्त सूचनाओं पर पुलिस द्वारा प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने व सीएलजी सदस्यों से प्राप्त सुझावों पर कार्य करने बाबत चर्चा की गई।

सीएलजी मीटिंग में थाना अधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा, एएसआई गजेंद्र सिंह एसआई बलकेश्वर दत्त, हेड कांस्टेबल होरीलाल, हेड कांस्टेबल मान सिंह, हेड कांस्टेबल गोविंद एवं अन्य थाने के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएलजी सदस्यों में अवधेश कुमार, रूपसिंह सिंगौरई, दिनेश मीणा धनोरा, श्रीचंद कंचनपुर, हीरालाल उलावटीपुरा, ज्ञानी राम कंचनपुर, द्वारिका प्रसाद उलावटी पुरा, राजेश सिंह पुरा मदारी, गोवर्धन सिंह गढ़ी खिराना, वीरेंद्र सिंह बड़ापुरा, सुरेंद्र सिंह गढी खिराना, प्रेमपाल सिंह कंचनपुर एवं अन्य सीएलजी सदस्य उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय प्रवक्ता मोहन प्रकाश के जन्मदिन के अवसर पर गरीबों को कराया भोजन

**धौलपुर, 6 मई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता मोहन प्रकाश का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पंडित दुर्गादत्त शास्त्री ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सामान्य चिकित्सालय के सामने स्थित इंदिरा रसोई पहुंचकर असाहय, वृद्धजन, मरीजों व उनके परिजनों को अपने हाथों से भोजन परोसा और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव मोहन प्रकाश की दीर्घायु की कामना की। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पंडित दुर्गादत्त शास्त्री ने कहा कि मोहन प्रकाश ने अपने सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन में मानवता को सर्वोपरि रखते हुए समर्पित भाव से संकल्प के साथ सेवा की है और पूरे देश में पार्टी और संगठन को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव मोहन प्रकाश के पिता डॉक्टर मंगल सिंह स्वतंत्रता सेनानी रहे और उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। डॉक्टर मंगल सिंह का जिले के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने कहा कि 18 मार्च 1948 को भारत सरकार ने अलवर, भरतपुर, धौलपुर और करौली राज्यों का विलय कर मत्स्य संघ की स्थापना की, मत्स्य संघ के मंत्रिमंडल में डॉक्टर मंगल सिंह को वित्त मंत्री बनाया गया उनका जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा। इस अवसर पर इंदिरा रसोई संचालक दया कांत सक्सेना, विनोद अग्रवाल, प्रवक्ता धनेश जैन, अनीश खान, अविनाश शास्त्री, पंकज तिवारी, राजेश प्रजापति सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे।



# पुलिस टीम के साथ झगडा कर राजकार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में फरार एक और गिरफ्तार

**बाड़ी, 6 मई।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय जयपुर द्धारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत की गई कार्यवाही। प्रकरण में नामजद सात आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक धौलपुर नारायण टोगस एवं अति. पुलिस अधीक्षक बचन सिंह मीणा के निर्देशन में राजस्थान पुलिस मुख्यालय जयपुर द्धारा चलाये जा रहे वांछित एंव गंभीर प्रकृति के अपराधो में फरार मुल्जिमानो की धरपकड अभियान को मध्यनजर रखते हुये अभियान के दौरान विजय कुमार सिंह आरपीएस वृताधिकारी वृत धौलपुर ग्रामीण सैंपऊ के निकटतम सुपरविजन में मन थानाधिकारी देवेन्द्र शर्मा उ.नि. थाना कंचनपुर द्धारा करीब 01 साल से फरार चल रहा मुल. रामपूजन पुत्र देवेन्द्र जाति गुर्जर निवासी सौहां थाना कंचनुपर जिला धौलपुर को मुखबिर की सूचना पर गांव कंचनपुर से गिरफ्तार कर अनुसंधान जारी है।

प्रकरण में नामजद आरोपी हरवीर, चीकू, मुकेश, सुरेश, लाकेश,पप्पू व देशराज गुर्जर को गिरफ्तार जेल भेजा जा चुका है। प्रकरण में शेष मुल्जिमान एंव अन्य दीगर मुकदमात में वांछित चल रहे मुल्जिमानो के विरूद्ध धरपकड अभियान जारी है।

उल्लेखनीय 15.03.2022 को ग्राम सौहां थाना कंचनपुर में जुआ की सूचना पर प्रेम सिंह मय पुलिस जाप्ता के ग्राम सौहां में कार्यवाही हेतु गये थे जहां जुआरियों की धरपकड के दौरान गांव के व्यक्तियों एंव महिलाओ ने पुलिस जाप्ता पर हमला कर दिया था और पकडे गये जुआरियों को पुलिस की पकड से छुडा कर ले गये थे एवं पुलिस पार्टी पर पथराव कर राजकार्य में बाधा पहुचांई थी उक्त घटना में समस्त नामजद आरोपी वक्त घटना से ही फरार चल रहे थे जिनकी गिर0 हेतु थाना स्तर पर टीम का गठन कर तलाश जारी थी जिस पर 05.05.22 को पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुये हुये घटना में शरीक मुल्जिम रामपूजन को गिरफतार किया गया है। प्रकरण में अब तक 8 आरोपियों को गिरफतार किया जा चुका है। अन्य आरोपीओ की तलाश एवं प्रकरण का अनुसंधान जारी है।

# चंडीगढ़ डीआरओ कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात, दी जिम्मेदारियां



**धौलपुर, 6 मई।** चंडीगढ़ कांग्रेस प्रदेश कार्यालय पर चंडीगढ़ में कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त गए DRO भगवान सिंह कुशवाहा ने कार्यकर्ताओं से चर्चा कर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी।

चंडीगढ़ एवं पंजाब के पीआरओ बसेड़ी विधायक अध्यक्ष राजस्थान अनुसूचित जाति आयोग खिलाड़ी लाल बैरवा से एवं चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुहास चावला एवं प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों से मुलाकात कर कांग्रेस कमेटी के द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को लेकर चंडीगढ़ के सदस्यों के साथ में कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता के बारे में जानकारी ली एवं पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी।

# न्यायालयों में हिंदी को अनिवार्य करे सरकार: मुकेश शर्मा

**उदयपुर, 6 मई।** विश्व भाषा अकादमी (रजि), भारत के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने न्यायालयों और सरकारी कार्यालयों में हिंदी भाषा को अनिवार्य करने की माँग की है। अकादमी की राजस्थान इकाई की एक ऑनलाइन चर्चा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गत तीस अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित मुख्यमंत्रियों और हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन में देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) श्री एन.वी.रमणा ने न्यायालयों में स्थानीय भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने की बात कही और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी इसकी सराहना की गई। जिसके बाद केंद्र सरकार और राज्य सरकारों का नैतिक दायित्व बनता है कि वे इसके लिए आगे आयें।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के लॉ एंड लेजिस्लेटिव विभाग द्वारा 11 मई,2020 को ज़ारी अधिसूचना में यह व्यवस्था की गई थी कि न्यायालयों, अर्द्ध न्यायिक न्यायालयों में हिंदी भाषा का प्रयोग किया जाए।

इसके अतिरिक्त हरियाणा के मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा भी एक फरवरी,2018 को ज़ारी विभागीय निर्देशों में कहा गया था कि सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि दफ्तरों में प्रशासनिक विभाग राजभाषा हिंदी में ही सरकारी टिप्पणियां एवं पत्राचार करें। किंतु व्यावहारिक तौर पर यह समग्र रूप से लागू नहीं हो पाया।

अकादमी चेयरमैन मुकेश शर्मा ने कहा कि अब देश के प्रधान न्यायाधीश ने तो इस बात की सशक्त पैरवी कर दी है, लेकिन देखना यह है कि क्या अब भी इसे लागू करने की सरकार की इच्छा शक्ति है या नहीं? उन्होंने सुझाव दिया कि यदि सरकार को इसे न्यायालयों में लागू करने में कुछ झिझक है तो कम से कम राज्य सरकारों के अधीन कार्य कर रही रेरा कोर्ट, उपभोक्ता न्यायालय, विभागीय अपीलीय प्राधिकारी कोर्ट, सरकारी ट्रिब्यूनल में तो यह सुनिश्चित कर दें कि यहां कम से कम पचास फीसदी फाइनल ऑर्डर सरल हिंदी भाषा में ज़ारी किये जाएं।

उन्होंने कहा कि ऐसा करने से जनता की भाषा में ही न्याय होने का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि यहां ध्यान देने की बात यह है कि इन कार्यों में हिंदी भाषा का अर्थ है सरल हिंदी,जिसे साधारण लोग समझ सकें। अकादमी की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष डॉ. चंद्रेश छतलानी ने कहा कि हिन्दी भाषा की उपादेयता इस बात से प्रमाणित होती है कि यह हमारे बहुसंख्य लोगों की भाषा है, साहित्यकार और कवियों की भाषा है, लोकप्रिय फिल्मों की भाषा है। इसमें विज्ञान और व्यापार की अद्यतन जानकारियाँ भी हैं। यह वोट माँगने की इकलौती सशक्त भाषा है। अधिकतर हिंदी फॉन्ट, कन्वर्जन और ट्रांसलेशन यूटिलिटी, सॉफ्टवेयर, वर्तनी जाँच, मुक्त हैं और मुफ्त में मिल रहे हैं। लेकिन वास्तविकता यह भी है कि अन्य भारतीय भाषाओं की तरह हिंदी भी एक विकासशील भाषा है, परन्तु इस बात को समय-समय पर नकारा जाता रहा है। हिंदी को एक सम्मानजनक पद दिलाने हेतु कई हिंदी संस्थाएँ कार्यरत है लेकिन केवल कुछ संस्थाएँ ही अपने कार्य को ठीक तरह से पूरा कर रही हैं, जिनमें विश्व भाषा अकादमी (रजि.) अग्रणी है।

# महिला से रेप करने वाले तांत्रिक को किया गिरफ्तार

**धौलपुर, 6 मई।** कौलारी थाना पुलिस ने बुधवार को महिला से रेप करने वाले एक तांत्रिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 28 अप्रैल को इलाज के बहाने महिला से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था और आरोपी ने इसका VIDEO भी वायरल किया था। कौलारी थाना प्रभारी नरेश पोसवाल ने बताया उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के मलपुरा थाना क्षेत्र की 35 वर्षीय महिला कोलारी थाना क्षेत्र के एक गांव में झाड़-फूंक करने वाले तांत्रिक के पास उपचार कराने आई थी। तांत्रिक विजय सिंह पुत्र बने सिंह लोधा ने महिला से उपचार के नाम पर 50 हजार रुपए ठगकर 28 अप्रैल की रात्रि को दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। आरोपी ने वीडियो बनाकर वायरल भी किया था। थाना प्रभारी पोसवाल ने बताया पीड़ित महिला ने नामजद तांत्रिक के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था। मामले की जांच निहाल गंज थाना प्रभारी बाबूलाल पटेल को सौंपी गई थी। उन्होंने बताया दुष्कर्म के आरोपी को बुधवार को थाना इलाके से गिरफ्तार किया है।

# मनिया पुलिस ने एक बदमाश को किया गिरफ्तार

**धौलपुर, 6 मई।** मनिया पुलिस ने एक बदमाश को सियापुरा मोड़ से गिरफ्तार किया है। बदमाश के पास से 315 बोर का अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। बरैठा चौकी प्रभारी जीतू मीणा ने बताया कि बुधवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मध्य प्रदेश से एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में सियापुरा मोड़ पर खड़ा हुआ है। इस सूचना पर थाना प्रभारी सुमन कुमार ने पुलिस की एक टीम बनाकर मौके पर रवाना की।

# वन विभाग की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को रोकने की मांग

**कोटा, 6 मई।** कोटा उत्तर नगर निगम के वार्ड 16 में विकास कार्य के नाम पर वन विभाग की जमीन पर अवैध रूप से पार्क निर्माण कार्य किए जाने के विरोध में स्थानीय निवासियों ने क्षेत्रीय वन अधिकारी को ज्ञापन दिया। स्थानीय निवासियों ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि वार्ड पार्षद हेमलता खींची व उनके पति नरेन्द्र खींची व ठेकेदार वार्ड में विकास कार्य के नाम पर एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से वन विभाग की भूमि पर अवैध निर्माण करवा रहे हैं साथ ही सरकारी पैसे का दुरूपयोग कर रहे हैं। स्थानीय निवासी रविन्द्र सिंह हाडा ने कहा कि जिस भूमि पर पार्क का निर्माण कार्य चल रहा है वह भूमि वन विभाग की है, वन विभाग की बिना अनुमति के यह पार्क बनाया जा रहा है।

नगर निगम से बिना अनुमोदित मैरिज गार्डन के मालिक को अवैध रूप से लाभांवित किया जा रहा है। जो राशि वार्ड की मूलभूत सुविधाओं के लिए आवंटित की गई उसका दुरूपयोग किया जा रहा है।

## प्ररूप संख्या आईएनसी-26

{कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में}

**केन्द्रीय सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, अहमदाबाद के समक्ष,**

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 (5) (ए) के मामले में

और

**एपीएम फिनवैस्ट लिमिटेड**

(CIN: L65990RJ2016PLC054921)

जिसका पंजीकृत कार्यालय : **एसपी-147, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान-301019** में हैं, के मामले में

**....आवेदक कंपनी / याचिकाकर्त्ता**

एतद्द्वारा सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के अधीन आवेदन का प्रस्ताव करती है, जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय **"राजस्थान राज्य" से "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली"** में स्थानांतरित करने के लिए **15 अप्रैल 2022** को पोस्टल बैलट से पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्ररूप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो, के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से चौदह (14) दिनों के भीतर क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, आर.ओ.सी. भवन, रूपल पार्क सोसायटी के सामने, अंकुर बस स्टैंड, के पीछे नारनपुरा, अहमदाबाद-380013, गुजरात पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित पंजीकृत कार्यालय पते पर भी भेजें।

**एसपी-147, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान-301019**

आवेदक के लिए और आवेदक की ओर से
**एपीएम फिनवैस्ट लमिटेड**
हस्ता/-

दिनांक : 05.05.2022 — **कपिल गर्ग** (प्रबंध निदेशक)
स्थान : अलवर — डीआईएन : 01716987

## कार्यालय नगर निगम, भरतपुर

क्रमांक: ननिभ./स्टोर/2022-23/ — दिनांक :

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम, भरतपुर द्वारा निम्न कार्य कराये जाने हेतु अनुभवी संवेदको/फर्म से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की महत्वपूर्ण शर्तें एवं विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in/ & http://bharatpurmc.co.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| कार्यो की संख्या | 2 कार्य |
| कार्यो की कुल लागत | 22.00 लाख |
| वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in से निविदा डाउनलोड करने की समय व तिथि | दिनांक 02.05.2022 से 12.05.2022 तक एवं सायं 6:00 बजे |
| वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in से ऑनलाईन निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 12.05.2022 साय. 6:00 बजे |
| नगर निगम में प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क धरोहर राशि भौतिक रूप से जमा करने की तिथि | दिनांक 13.05.2022 दोपहर 12:00 बजे |
| निविदा खोलने की समय व तिथि | दिनांक 13.05.2022 सायं 4:00 बजे |

UBN Number :
1. DLB2223SLOB03158 2. DLB2223SSOB03163
राज.संवाद/सी/1293/22 23 — आयुक्त, नगर निगम, भरतपुर

## URBAN IMPROVEMENT TRUST ALWAR

S.No. लेखा/2022/1436-46/22 — Date : -26-04-2022

NOTICE INVITING BID-01/2022-23

Bids for Road, Drain, Park, Building works invited from interest bidders upto 02-05-2022 (For item no-7 upto 11-05-2022) 4.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and www.uitalwar.in

UBN No.: UAL2223WSOB00002 UBN No.: UAL2223WSOB00006
UBN No.: UAL2223WSOB00003 UBN No.: UAL2223WSOB00007
UBN No.: UAL2223WSOB00004 UBN No.: UAL2223WSOB00008
UBN No.: UAL2223WSOB00005

Raj. Samwad/C/1323/2022-23 — Executive Engineer, UIT, Alwar

## राजस्थान सरकार
## जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अलवर

(पता- महल चौक, कलक्टर परिसर, अलवर)
दूरभाष- 0144-2940611, ईमेल: alwr.mino@gmail.com

**ई बिड नोटिस**
**खुली निविदा सूचना संख्या 01/2022-23**

जिले में संचालित राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय/बालक/बालिका छात्रावास हेतु स्टील फर्नीचर खरीदे जाने हेतु दिनांक 11.05.2022 दोपहर 02.00 बजे तक ई-बिड आमंत्रित की जाती है। इस संबंध में पूर्ण ब्यौरा, नियम एवं शर्तों संबंधित जानकारी दिनांक 29.04.2022 से वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.raj.nic.in (UBN MAD2223GLRC00007) से डाउनलोड की जा सकती है। बिड ऑनलाइन फॉरमेट में वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in पर भरी जानी है।

डीआईपीआर/सी/6334/2022 — जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अलवर

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल, डेगाना जिला नागौर राज.

क्रमांक :- न.पा.प./डेगाना/निविदा/2022-23/161 — दिनांक : 25.04.2022

**ई-निविदा सूचना-02/2022-23**

नगर पालिका डेगाना की ओर से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य ही अनुमानित लागत पर नगर पालिका डेगाना में पंजीकृत सक्षम संवेदकों द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागों में पंजीकृत सक्षम संवेदकों द्वारा 2 प्रतिशत राशि का डी.डी. अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका डेगाना के नाम व रूपये 500/- का डी.डी. "M.D. RISL Jaipur" के नाम जयपुर में देय से ऑनलाईन निविदा खोलने से पूर्व नगर पालिका डेगाना में प्रस्तुत करना होगा।

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाखों में | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | धरोहर राशि 0.5 प्रतिशत | बोली शुल्क | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply of 04 Nos. Auto tipper of 1.8 cum capacity | 40,50,000 | 81,000 | 20,250 | 1000 | 4 माह |

| | Date | | Hours | Mins |
|---|---|---|---|---|
| Publishing Date | 29.04.2022 | At | 12 | 00 |
| Document Download/Sale Start Date | 29.04.2022 | At | 14 | 00 |
| Seek Clarification Start Date | NA | At | 00 | 00 |
| Seek Clarification End Date | NA | Upto | 00 | 00 |
| Bid Submission Start Date | 29.04.2022 | At | 14 | 00 |
| Bid Submission Closing Date | 11.05.2022 | Upto | 12 | 00 |
| Bid Opening Date | 11.05.2022 | At | 18 | 00 |
| धरोहर व दस्तावेज कार्यालय में जमा कराने की दिनांक | 11.05.2022 | At | 12 | 00 |
| धरोहर व दस्तावेज कार्यालय में जमा कराने की दिनांक तक | 11.05.2022 | Upto | 17 | 00 |

निविदा हेतु पात्रता की श्रेणी

| क्रसं. | अनुमानित लागत | पात्र ठेकेदार की श्रेणी | पंजीकरण करने वाले विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | किसी भी सीमा तक | एए श्रेणी, संवेदक | स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर व राजस्थान प्रदेश में अन्य नगरनिकायों में पंजीकृत सभी संवेदक अपनी श्रेणी अनुसार तथा अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदार जो "ए" अथवा "एए" श्रेणी में पंजीकृत है (पंजीकरण नियम Appendix XVI (Rule 334) Sec II.2 के अनुसार ) |
| 2 | रूपये 300.00 लाख तक | ए श्रेणी, संवेदक | |
| 3 | रूपये 150.00 लाख तक | बी श्रेणी, संवेदक | |
| 4 | रूपये 50.00 लाख तक | सी श्रेणी, संवेदक | |
| 5 | रूपये 15.00 लाख तक | डी श्रेणी, संवेदक | |

शर्ते :-
1. किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने व बिना कारण बताऐ निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगें। वित्त विभाग के आदेश संख्या एफ.1(1)एफ.डी./जी.एफ.एण्ड ए.आर/2007दिनांक 30.09.2011 (सर्कूलर नं. 19/2011) के अनुसार 50.00 लाख रूपये तक की राशि के कार्यो के लिए 500/- व 50.00 लाख रूपये से अधिक के कार्यो के लिए 1000/- रू. की राशि प्रत्येक निविदा कार्य के लिए निविदा शुल्क के अतिरिक्त देनी होगी। जो डिमाण्ड ड्राफ्ट व बैंकर चैक मैनेजिंग डायरेक्टर, RISL जयपुर के पक्ष में भुगतान योग्य होना चाहिए।
2. उक्त निविदा पर राजस्थान पारदर्शिता पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट रूल्स - 2012 एवं 2013 प्राथमिकता से लागू होगें।
3. संवेदक द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली दरों में Insurance, RTO Registration, and GST एवं सभी करो को शामिल करते हुए पेश करना होगा।
4. निविदा जमा करवाने के बाद निविदा की समस्त प्रक्रिया ऑनलाईन होगी।
5. निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि निविदाऐं नहीं खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस में शेष निविदाऐं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा।
6. निविदा प्रपत्रों में निविदाकर्ता के लिए योग्यता सूचना तथा निविदाकर्ता की पात्रता, सामग्री स्पेशिफिकेशन, दरों का विवरण, नियम, शर्ते एवं अन्य विवरण वर्णित है।
7. राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प. 10 (147)न.वि.वि./3/2008 जयपुर दिनांक 08.09.2010 के अनुसार संवेदक द्वारा असामान्य रूप से दरें कम दी जाती है तो ऐसी निविदाओं में परफोरमेन्स सिक्योरिटी जमा करवायी जानी आवश्यक होगी।
8. निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रोसेसिंग फीस के डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक कार्यालय नगरपालिका डेगाना की लेखाशाखा में जमा करवाना आवश्यक है इसके अभाव में निविदा मान्य नहीं होगी जीएसटी रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट/फर्म पंजीकरण की स्केन कॉपी (PDF) दस्तावेजो के साथ अपलोड करनी होगी। वेबसाईट पर दस्तावेज अपलोड नही होने पर निविदा मान्य नहीं होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी।

अध्यक्ष — राज.संवाद/सी/1333/2022-2023 — अधिशाषी अधिकारी

## कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड बाडी

NIB No.: 05-06/2022-23 — Date: 28.04.2022

**निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्ल्यू.एफ. एण्ड ए.आर. पार्ट-II अपेण्डिक्स 16 दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (आज तक) के अनुरूप विभाग में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों/सप्लायर्स एवं निविदा प्रपत्र में वाँछित योग्यता रखते हों से इस कार्यालय की निविदा सं. 05-06 के लिए मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संख्या 05/2022-23 के निविदा प्रपत्र https://eproc.rajasthan.gov.in/ से दिनांक 09.05.2022 को 06.00 पी.एम. तक डाउनलोड किए जाकर दिनांक 10.05.2022 को 6.00 पी.एम. तक ऑनलाइन जमा किए जाकर दिनांक 10.05.2022 को 03.00 पी.एम. पर टैक्नीकल बिड (तकनीकी बोली) खोली जावेगी। निविदा संख्या 06 के निविदा प्रपत्र इस कार्यालय में दिनांक 09.05.2022 को 05.00 पी.एम. तक विक्रय किए जाकर दिनांक 10.05.2022 को 12.00 पी.एम. तक भरे हुए निविदा प्रपत्र इस कार्यालय में प्राप्त कर दिनांक 10.05.2022 को 03.00 पी.एम. पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्राप्त करने हेतु निर्धारित मनी ऑर्डर/डिमाण्ड ड्राफ्ट निम्न हस्ताक्षरकर्ता के नाम भिजवाकर या नकद जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है।

| NIT No. | Name of work | Estimated Cost (Rs. in Lacs) | Earnest Money in Rs. 2% | Earnest Money in Rs. 0.05% | Tender Fee (in Rs.) | Period for completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| NIT 05/ 22-23 | Providing Laying and Jointing in trenches HDPE PIPE LINE at various places of Sub Div Baseri Under Summer Contingency Block Baseri | 14.07 | 28500 | 7125 | 500.00 | 45 DAYS |
| NIT 06/ 22-23 | Photocopy, Printing, Spiral Binding of papers of required in the office of Executive Engineer, PHED Div Bari | 2.00 | 4000 | | 200.00 | 12 Months |
| NIB NO. | PHE2223A0702 | | | | | |
| UBN: | PHE2223WSOB01483, PHE2223SSOB01484 | | | | | |

Note:- 1. If Holiday is declared on submission and/or opening date of tender the scheduled activity will take place on next working day/If Procuring entity is not present on the submission and opening date of tender the scheduled activity will take place on day on wich procuriing entity (HOO) is present.
नोट:- निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें, आदि कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं।

DIPR/C/6392/2022 — (NIRANJAN MEENA) Executive Engineer, PHED Division Bari

## कार्यालय नगर पालिका उच्चैन (भरतपुर) राज.

क्रमांक :- न.पा.उ./2022-23/131 — **बिड सूचना** — दिनांक : 29.04.2022

नगर पालिका उच्चैन में निम्न लिखित कार्यों को करवाये जाने वास्ते राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों में रजिस्टर्ड संवेदकों/फर्म/संस्थाओं के माध्यम से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र eproc.rajasthan.gov.in पर या SPPP पोर्टल से या किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त किये जा सकते हैं। कार्यों के यू.बी.एन. नम्बर निम्न प्रकार हैं :- **DLB2223WSOB03128**

राज.संवाद/सी/1336/2022-23 — अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका उच्चैन

## कार्यालय नगर पालिका मण्डल बहरोड़ जिला-अलवर

Email ID-behror.jaipur@gmail.com — Phone No. 01494-220090

क्रमांकः- न.पा.ब/निर्माण/2022-23/73 — दिनांक 28.04.2022

**ई-निविदा सूचना संख्या-06/2022-23**

नगरपालिका बहरोड़ की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा website www.sppp.raj.nic.in व http//eproc.raj.gov.in से download कर देखी/प्राप्त की जा सकती है। RTPP एक्ट की शर्त मान्य होगी एवं अन्य शर्ते कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

जिसके NIB Code व UBN Number निम्न प्रकार है।
NIB Code- DLB2223A0786
UBN No. DLB2223WSOB03076, DLB2223WSOB03078, DLB2223WSOB03079, DLB2223WSOB03081, DLBWSOB03083, DLB2223WSOB03084, DLB2223WSOB03087, DLB2223WSOB03088

राज.संवाद/सी/22/1422 — अधिशाषी अधिकारी

## OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER PHED DIVISION HINDAUN CITY

E-Mail: xenphedhnd@yahoo.in

**Notice Inviting Bid**

Bids for various work in PHED division Hindaun City is invited from interested bidder. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **sppp.rajasthan.gov.in** of the state and department website

NIB CODE No.: PHE2223A727

| NIT NO. | UBN NO. | |
|---|---|---|
| 02/2022-23 | (PHE2223WSOB01544) | |
| S. No. | Total work | |
| 01 | Total Estimated Cost | 16.50 Lacs |
| 02 | Tender submission Start date | 06.05.2022 upto 06 PM |
| 03 | Tender submission end date | 12.05.2022 upto 06 PM |
| 04 | Tender opening date | 13.05.2022 at 12 PM |

DIPR/C/6348/2022 — Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Hindaun City

## अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड बहरोड, अलवर

क्रमांक: 574-85 — दिनांक: 29.04.2022

**नीलामी सूचना सं. 08/2022-23**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड, बहरोड में स्थित खण्डीय भण्डार प्रांगण में दिनांक 08.06.2022 को अनुपयोगी/नकारा सामान की नीलामी प्रातः 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक की जावेगी। आवश्यकता पड़ने पर अथवा नीलामी तिथि को अपरिहार्य कारणवश अवकाश होने की दशा में नीलामी अगले कार्य दिवस को हो सकेगी। नीलामी संबंधित पूर्ण अधिकार नीलामी समिति में निहित है। समिति का निर्णय सर्वमान्य व अन्तिम होगा। नीलामी किये जाने वाले सामानों का विवरण निम्न प्रकार है। सामान का अनुमानित मूल्य 1021495.00

| क्र. सं. | नीलामी किये जाने वाले सामान का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सी.आई. स्क्रेप | 954.05 कि.ग्रा. |
| 2 | एम.एस. स्क्रेप/जी.आई. स्क्रेप | 6394.1 कि.ग्रा. |
| 3 | सबमर्सिबल पम्पसेट विद वायर | 134 सेट |
| 4 | सबमर्सिबल पम्पसेट विदाउट वायर | 09 सेट |
| 5 | राजदूत मोटर साईकिल विदाउट रजिस्ट्रेशन नं. | 04 सेट |
| 6 | सिंगल फेस सबमर्सिबल पम्पसेट | 01 सेट |
| 7 | सिलेन्डर बॉडी विद लाइनर | 58.5 कि.ग्रा. |
| 8 | इलेक्ट्रिक स्क्रेप | 479.5 कि.ग्रा. |
| 9 | एचडीपीई पाईप स्क्रेप | 90 कि.ग्रा. |
| 10 | सबमर्सिबल केबल विभिन्न साईज | 1322 कि.ग्रा. |
| 11 | पी.वी.सी. ब्रंट कॉपर वायर | 65.9 कि.ग्रा. |
| 12 | गन मैटल स्क्रेप (वाटर मीटर) | 7.5 कि.ग्रा. |
| 13 | पी.वी.सी. लोरिंग पाईप मेक आर्शिवाद | 99 कि.ग्रा. |

**शर्तें:—** इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री का निरीक्षण इस खण्ड के भण्डार में आकर एक दिन पूर्व व नीलामी दिवस को कर सकते हैं। दिनांक 08.06.2022 को 12.00 बजे तक बोली में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति को आधारकार्ड व पैन कार्ड की सत्यप्रति तथा धरोहर राशि रु. 50000.00 (पचास हजार मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट **"अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड बहरोड"** के नाम जमा कराना होगा। खरीद नहीं करने वाले की धरोहर राशि नीलामी समाप्त होने के पश्चात उसी दिन लौटा दी जावेगी। नीलामी बोली छूटने पर बोली की राशि का 25 प्रतिशत राशि तत्काल नगद जमा कराना होगा। अन्यथा उक्त बोलीदाता अगले लौट की बोली में भाग नहीं ले सकेगा। शेष 75 प्रतिशत राशि 7 दिवस तक जमा करानी होगी। उक्त अवधि में शेष राशि जमा नहीं कराने पर जमा राशि 25 प्रतिशत जब्त मानी जावेगी और उसमें कोई विवाद मान्य नहीं होगा। खरीददार पूर्ण राशि जमा कराकर ही सामान प्राप्त कर सकेंगे। नीलामी मात्रा में कमी/अधिक करने का अधिकार नीलामी समिति का होगा। नियम व शर्तों को किसी भी कार्यालय दिवस में देखा जा सकता है।

1. नीलामी के पश्चात खरीददार द्वारा नियमानुसार अलग से जीएसटी व टीसीएस राशि संबंधित कार्यालय में में जमा कराने एवं प्राप्ति रसीद प्रस्तुत करने पर माल भण्डार प्रांगण से सात दिवस में उठाना आवश्यक होगा। अन्यथा भण्डार में पड़े रहने पर प्रतिदिन एक प्रतिशत की दर से अधिकतम एक माह अवधि तक किराया चार्ज किया जायेगा। उसके पश्चात भी माल न उठाने पर नीलामी स्वतः ही निरस्त समझी जावेगी एवं समस्त राशि विभाग द्वारा जब्त कर ली जावेगी।
2. जो माल जहां है/जैसा है। उस स्थिति में ही नीलाम किया जावेगा एवं सफल बोलीदाता सम्पूर्ण राशि जमा कराने पर ही सामान उठाना होगा।
3. नीलामी बोली में सामान का मूल्य नहीं मिलने पर नीलामी निरस्त करने का पूर्ण अधिकार नीलामी समिति को होगा।

PHE2223GLSS01541

डीआईपीआर/सी/6345/2022 — (विजय सिंह) अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, बहरोड